ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 20.07.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- ईद–उल–उजहा (बकरीद) के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 20.07.2021 को नगर क्षेत्र में ईदगाह एवं अन्य क्षेत्रों में बनी मस्जिदों एवं उनके आस–पास सफाई व्यवस्था, शुद्व पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का किया गया निरीक्षण।

- ईद–उल–उजहा (बकरीद) के दृष्टिगत रखते हुये अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा आज दिनांक 20.07.2021 को नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर दिये गये विशेष दिशा–निर्देश।

- शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत दिनांक आज दिनांक 20.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया विशेष सफाई अभियान।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 20.07.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. ईद–उल–उजहा के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 20.07.2021 को नगर क्षेत्र में ईदगाह एवं अन्य क्षेत्रों में बनी मस्जिदों एवं उनके आस–पास सफाई व्यवस्था, शुद्व पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा ईद–उल–उजहा के दृष्टिगत ईदगाह के आस–पास एवं अन्य क्षेत्रों में बनी मस्जिदों व उनके आने–जाने वाले मार्गो पर सफाई व्यवस्था, शुद्व पेयजल की आपूर्ति व प्रकाश व्यवस्था दुरस्त किये जाने हेतु विशेष दिशा–निर्देश संबन्धित को दिये गये। ईद–उल–उजहा के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करने हेतु अपील की गई। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, महाप्रबन्धक जल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

2. ईद–उल–अजहा (बकरीद) का पर्व दिनांक 21.07.2021 को होना संभावित है। जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 20.07.2021 को नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर विशेष दिशा–निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा ईद–उल–अजहा (बकरीद) को ध्यान में रखते हुये ईदगाह सहित अन्य क्षेत्रों में बनी मस्जिदों के आस–पास एवं आने–जाने वाले मार्गो पर विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई का कार्य, चूने छिड़काव का कार्य व ईद–उल–अजहा (बकरीद) के अवसर पर कोविड–19 के दृष्टिगत सामूहिक स्थलों पर कुर्बानी नही की जायेगी, जिसको ध्यान में रखते हुये व्यक्तिगत स्तर पर घरों के अंदर होने वाली कुर्बानी से निकलने वाले अपशिष्ट का निस्तारण गड्डा खुदवाकर समुचित रुप से किये जाने एवं चयनित स्थलों पर गत वर्षो की भॉति डस्टबिन/कंटेनर लगाने की व्यवस्था व प्रत्येक डस्टबिन/कंटेनर पर देख–रेख हेतु सफाई नायक/सहायक सफाई नायक के पर्यवेक्षण में कर्मचारियों की तैनाती किये जाने, जिससे किसी भी प्रकार से अपशिष्ट सड़क पर न फैले एवं डस्टबिन/कंटेनरों की दिन में कम से कम दो बार उठाने की व्यवस्था किये जाने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि परंपरागत रूप से कुर्बानी प्रथा तीन दिवस तक चलती है, जिसके दृष्टिगत समस्त कुर्बानी स्थलों/डस्टबिन/कंटेनर स्थलों/नालियों में समुचित मात्रा में हाइजेनिक/कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

नगर आयुक्त द्वारा ईद–उल–अजहा (बकरीद) के अवसर पर कुर्बानी के समय पानी की अत्यधिक आवश्यकता के दृष्टिगत समस्त नलकूपों का संचालन सुनिश्चित किये जाने तथा प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए समस्त टंकियों पर लगे हुए जनरेटर का संचालन सुनिश्चित करते हुए समस्त टंकियों को भरे जाने व किसी भी टंकी/जनरेटर आदि में यदि कोई तकनीकी खराबी हो, उसको तत्काल सही कराये जाने एवं नगर क्षेत्र में स्थापित हैण्डपम्पों विशेष रूप से ईदगाह/मस्जिद एवं मुस्लिम बाहुल्य बस्तियों में स्थापित हैण्डपम्पों का निरीक्षण कराकर खराब पाये जाने पर तत्काल सही कराये जाने हेतु सहायक अभियंता (जल) को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व प्रकाश अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि सभी ईदगाहों एवं मस्जिदों के आस–पास विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत सफाई का कार्य व चूने छिड़काव का कार्य एवं ईदगाहों, मस्जिदों व उनके मार्गो पर प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करवाया जा रहा है। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता (जल) द्वारा अवगत कराया गया कि ईद–उल–अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत दिनांक 21.07.2021 को ओवरहैड टैंक से पेयजल सप्लाई का निर्धारित समय प्रातः 06 बजे से प्रातः 08 बजे तक निम्नदाब एवं प्रातः 08 बजे से प्रातः 10 बजे तक उच्चदाब सप्लाई की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान, सहायक अभियंता (जल) उमेश कुमार, सहायक अभियंता (प्रकाश) नरेश कुमार एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहें।

3. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर नगर में आमजन को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से नगर निगम, शाहजहॉपुर द्वारा नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियत्रंण अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर में सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर व नगर को एक अच्छा वातावरण मिल सकें। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर संचारी रोग नियत्रंण अभियान के अन्तर्गत नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु एवं नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु नगर निगम से सहायक नगर आयुक्त एवं अवर अभियंताओ व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/सहायक नोडल अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने, सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि इस अभियान के अन्तर्गत होने वाले किसी भी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न की जायें। दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार विशेष सफाई अभियान, सेनेटाइजेशन का कार्य, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया गया। माइक्रो प्लान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.07.2021 को नगर क्षेत्र के सफाई जोन–01 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार की देखरेख में सदर बाजार, सफाई जोन–02 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित की देखरेख में तारीन बहादुरगंज, सफाई जोन–03 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल की देखरेख में हयातपुरा, सफाई जोन–04 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर की देखरेख में मेहमान शाह एवं सफाई जोन–05 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देखरेख में रोजा नोटिफाईड एरिया में विशेष सफाई अभियान के साथ–साथ सेनेटाइजेशन व एण्टरलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु सहायक अभियंता (जल) को निर्देश दिये गये है। साथ ही सामुदायिक शौचालय, पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई व्यवस्था एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु, खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत रोस्टर के अनुसार दिनांक 21.07.2021 को दलेलगंज, निसरजई में सफाई का कार्य, सेनेटाइजेशन एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव व फागिंग का कार्य कराया जायेगा।

4. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 20.07.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, सदर बाजार, डाक बंगला, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालगनर, आवास विकास कॉलोनी, गॉधी पार्क में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा ककरा कलां, तारीन बहादुरगंज व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा हयातपुरा, गौहरपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, नवादा, बच्चा जेल, किला एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा रोजा नोटिफाइड एरिया, चर्च कॉलोनी, हाण्डा कॉलोनी, अहमदपुर निवाजपुर में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 20.07.2021 को लगभग 4025 स्थलों तथा 550 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।